26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 20 सितम्बर , 2026
अंक- 327 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## भारत ने निशानेबाजी में दो रजत जीते



नागोया ( एजेंसी/चिंगारी )। भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के लिए एशियाई खेल 2026 की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतना लगभग तय लग रहा था। फाइनल मुकाबले के ज्यादातर समय वह आगे रहीं 20 शॉट्स तक उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और 21वें शॉट के बाद भी वह आगे थीं, लेकिन अंतिम दौर में उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। एलावेनिल, जो दिन में पहले ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी थीं, 'गोल्डन डबल' पूरा करने के बहुत करीब पहुंच गई थीं। उन्होंने 252.4 पॉइंट्स के साथ अपना सफर खत्म किया, जो जापान की हिनाता ताइची से केवल 0.6 पॉइंट्स कम था। ताइची ने निर्णायक अंतिम शॉट के साथ 253.0 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता और एशियन गेम्स का नया रिकॉर्ड बनाया। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने 230.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। शुरुआत से ही एलावेनिल का दबदबा साफ दिख रहा था। उन्होंने 53.1 अंक के साथ शुरुआत की, 10 शॉट्स के बाद 106.0 अंक तक पहुंचीं और 12 शॉट्स के बाद अपनी बढ़त को 126.9 अंक तक बढ़ा लिया।

# बेटियों को छेड़ने वाला अपना मृत्युदंड खुद साइन करता है-योगी

## कहा- पहले एग्जाम कोई देता था, भर्ती किसी और की होती थी

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। राजधानी लखनऊ में आज लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग के 912 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत अन्य मंत्री व अधिकारी मौजूद रहे।


उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की चयन प्रक्रिया के तहत इन अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद शामिल हैं। ये सभी चयनित अभ्यर्थी पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देंगे।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया को लेकर युवाओं में निराशा थी। इसमें बदलाव लाया जा सकता था। भाई-भतीजावाद हावी था। 2017 से पहले जो एप्लीकेंट ही नहीं थे, उनका भी चयन हो जाता था। यानी, जो भर्ती में शामिल ही नहीं हुआ, उसे नौकरी मिल जाती थी। जब हम आए तब इस पर बदलाव किया। ग्रुप सी और डी पर हमने साक्षात्कार की व्यवस्था खत्म कर दी। पहले साक्षात्कार में खेल कर दिया जाता था। हमने इस चरण को ही खत्म कर दिया। सीएम ने आगे कहा कि सारे पद पहले जैसे ही हैं, सिर्फ काम करने का तरीका बदला है। ऐसा भी नहीं है कि हम गोरखपुर, दिल्ली या बाहर के प्रदेशों से अधिकारी लाकर काम करा रहे हैं। सारा मानव बल वही है। कार्य करने के तरीके में बदलाव आया है। पहले हर दूसरे दिन दंगे होते थे। महीनो-महीनो कर्फ्यू रहता था। मुजफ्फरनगर में तो छह महीने दंगे होते रहे।



उन्होंने कहा कि माफिया का काफिला आने पर ज्यूडिशरी के अधिकारियों का भी काफिला रोक दिया जाता था। पहले माफिया निकलता था। आज भला कोई असलहा लहरा सकता है, आज कोई त्योहारों के पहले दंगा कर सकता है। हमने उपद्रव पूर्ण प्रदेश को उत्सव पूर्ण प्रदेश के रूप में बदला है।

2017 से पहले जिनके पास क्षमता थी, वो यूपी से बाहर बेटियों को रखते थे। जिनके पास क्षमता नहीं होती थी, वो घर में ही रखते थे। आज कोई शोहदा बेटी को छेड़ नहीं सकता। उसको अंजाम पता है। यदि वह ऐसी हरकत करता है तो वह अपने डेथ सेंटेंस पर खुद साइन कर रहा है। आज यूपी पुलिस के मॉडल की चर्चा होती है। सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस के पास आज 60 हजार पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग की क्षमता विकसित हो चुकी है। इतने बड़े राज्य में 10 हजार महिला पुलिसकर्मी नहीं थी, आज यह संख्या 44 हजार से अधिक हो चुकी है। पहले माफिया सरकार का संचालन करते थे। पहले केवल दो फोरेंसिक लैब थी। जब हम फोरेंसिक इंस्टीट्यूट के लिए लैंड खोज रहे थे। तब उस समय के डीजीपी ने कहा पुलिस के पास लैंड तो है लेकिन उस पर माफिया का कब्जा है। हमने उस माफिया पर एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर होते ही उसने सरेंडर कर दिया। आज कई जिले ऐसे हैं, जहां पर सर्वाधिक ऊंची बिल्डिंग पुलिस के बैरकों की है। पहले जर्जर बैरकों में कबाड़ के बीच पुलिसकर्मी सोते थे। पहले कॉमन मैन सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा नहीं था। आज हर जिले में पुलिस लाइन हैं।




## बसपा में शामिल होने से पहले ही दीपिका आउट

### ईशान आनंद को मिलेगी नई जिम्मेदारी

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। बसपा सुप्रीमो मायावती ने परिवार और पार्टी संगठन को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद और उनकी बहन को अब पार्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही अपने भाई आनंद कुमार के परिवार से केवल ईशान आनंद को ही पार्टी में सम्मानजनक जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाने का एलान किया। मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नजदीकी रिश्ते-नातों के मोह से ऊपर उठकर काम करने का फैसला किया है। बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी अपने रिश्तेदारों को राजनीतिक लाभ देने से दूरी बनाए रखी। अपना जीवन बहुजन समाज के हित के लिए समर्पित किया। मायावती ने लिखा कि कांशीराम से प्रेरित होकर उन्होंने भी अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए समर्पित किया। उनके मुताबिक, एक महिला होने के कारण उन्हें अपने किसी न किसी भाई-बहन को साथ रखना पड़ा।

खुशखबरी खुशखबरी
10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!
कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम
BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE
छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।
जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएं।
Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520
Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# यूपीएससी में प्रथम रैंक लाकर वैज्ञानिक बने नंगली के अनुकर राजपूत

## बिजनौर जिले का नाम किया रोशन



बिजनौर ( चिंगारी )। मूल रूप से जनपद के ग्राम नंगली, मंडावर निवासी अनुकर राजपूत ने संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव में, क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

अनुकर राजपूत के पिता श्री मधुकर राजपूत केंद्रीय कृषि मंत्रालय में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी हैं। अनुकर राजपूत ने प्रशासनिक अधिकारी का विकल्प चुनने के बजाये वैज्ञानिक बनना पसंद किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अनुकर राजपूत बिजनौर निवासी उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय कोषाध्यक्ष बी.एस. राजपूत के साले साहब के सुपुत्र हैं। चिंगारी परिवार अनुकर राजपूत को शुभकामनाएं देते हुए सफलता की ऊंचाइयों को छूने तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# हमारी भी रिपोर्ट लिखो वरना जारी रहेगा भाकियू का धरना



चांदपुर ( चिंगारी )। भाकियू कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता द्वारा बागड़पुर के ग्रामीणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया तथा अगली रणनीति बनाने के लिए 22 सितम्बर को बड़ी पंचायत करने की घोषणा की गई। भाकियू कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए कहा कि पुलिस ने जेई की झूठी शिकायत पर तो ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली, जबकि ग्रामीणों द्वारा जेई के विरुद्ध दी गई तहरीर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। धरने पर भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जसवंत सिंह, जिला सचिव हुकम सिंह गुर्जर, सोमपाल सिंह, मोहित चौधरी, विपिन चौधरी, नगर अध्यक्ष चांदपुर बब्बू खान, रोहताश प्रधान, नवनीत कुमार प्रधान, राजीव चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र प्रधान ने भाकियू टिकैत द्वारा शुरू किए गए धरने को अपना समर्थन दिया।

# यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त शुल्क का किया विरोध

हल्दौर ( चिंगारी )। व्यापारी एकता परिषद हल्दौर की एक बैठक नगर अध्यक्ष विपिन वर्मा की अध्यक्षता और नरेंद्र दिवाकर के संचालन में अल्हाम मार्केट में आयोजित हुई। बैठक में भारत सरकार द्वारा यूपीआई लेनदेन पर संभावित अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की चर्चा कर कड़ा विरोध व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि छोटे व्यापारियों पर यह अतिरिक्त भार कतई सहन नहीं किया जाएगा। व्यापारी एकता परिषद इस मुद्दे को प्रदेश स्तर पर उठाएगी और संगठन के प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष राहुल वर्मा से मिलकर विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करेगी। बैठक में संगठन के संरक्षक विनोद वर्मा, अध्यक्ष विपिन वर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र दिवाकर, मौ.निसार, मनोज वर्मा, सुरेन्द्र सैनी, सतीश वर्मा, रोहित सैनी, धीरज सैनी, आशीष रस्तौगी आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

# गांव में मचा शोर छत से कूदा चोर

चांदपुर ( चिंगारी )। चोरों ने एक घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली, लेकिन घर में जाग होने पर एक चोर मकान की छत से कूद कर घायल हो गया,जिसको पुलिस को दे दिया गया। ग्राम हरपुर में चोरों ने सोमदेव के मकान में घुसकर वहां से सोने-चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। घर में जाग होने पर उनमें से एक चोर मकान की छत पर चढ़ गया तथा पीछा करने पर छत से कूद गया, जिसमें वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रोहित पुत्र टेकचंद निवासी गोरखपुर बताया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।


# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने ली शपथ

## वीडियो के माध्यम हुए जागरूक




स्योहारा ( चिंगारी )। 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट के दिशा निर्देशन तथा एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन धीरज शर्मा के नेतृत्व में आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा के एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय में वीडियो देख नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक हुए। इस अवसर पर कैप्टन धीरज शर्मा ने कहा कि यह अभियान 15 अगस्त 2020 में शुरू किया गया था, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम जनता के बीच मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है तथा पीड़ितों की काउंसलिंग तथा उपचार कराना है तथा समाज में नशे की लत को नष्ट करना है। यह अब एक जनआंदोलन बन चुका है।


ATHER
असली इलेक्ट्रिक एथर इलेक्ट्रिक/ अब धामपुर में।
मो. 9762717747




Mob. 9240083911

अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर
मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026

# एशियन गेम्स का धमाकेदार आग़ाज़

## मनु भाकर-पवन सहरावत ने लहराया तिरंगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** नागोया में एशियन गेम्स 2026 का धमाकेदार आगाज हो गया है। जापान के मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में शनिवार (19 सितंबर) को रंगारंग और हाईटेक ओपनिंग सेरेमनी हुई।

जापान के सम्राट नारुहितो ने महारानी मासाको, शाही परिवार के सदस्यों, ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में खेलों के शुरू होने की घोषणा की।

करीब दो घंटे चली सेरेमनी की शुरुआत जापान के राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जापान की सेल्फ डिफेंस फोर्स के 9 सदस्यों ने झंडे को मंच तक पहुंचाया। इसके बाद स्टेडियम की लाइटें बंद कर दी गईं और स्पॉटलाइट से जापान के नेशनल फ्लैग को रोशन किया गया।

इसके बाद 45 देशों और OCA रिफ्यूजी टीम की एथलीट परेड हुई। यानी कुल 46 दलों ने मार्च किया। अफगानिस्तान सबसे पहले परेड में शामिल हुआ, जबकि एशिया की खेल महाशक्ति चीन 800 से ज्यादा खिलाड़ियों के दल के साथ आकर्षण का केंद्र रहा।

भारत की ओर से दो बार की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर



और हांगझोऊ एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत ने तिरंगा थामा। दोनों पारंपरिक नेवी ब्लू ड्रेस में भारतीय दल का नेतृत्व करते नजर आए। पवन सहरावत को आखिरी समय पर ताजिंदरपाल सिंह तूर की जगह ध्वजवाहक बनाया गया। तूर को समारोह के लिए जरूरी आधिकारिक किट समय पर नहीं मिल सकी, इसलिए वह ओपनिंग सेरेमनी में हिस्सा नहीं ले पाए। हाईटेक और रंगारंग आयोजन के बीच स्टेडियम में कई सीटें खाली नजर आईं। सेरेमनी में सामान्य तौर पर दिखने वाली भारी भीड़ और धूमधाम भी कुछ कम नजर आई। ऐसे में खाली स्टैंड ने भी लोगों का ध्यान खींचा। भारत का 501 सदस्यीय दल इन खेलों में हिस्सा ले रहा है। टीम इंडिया की नजर 2023 के हांगझोउ एशियन गेम्स से बेहतर प्रदर्शन पर है। भारत ने वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 106 पदक जीते थे, जिसमें 28 गोल्ड शामिल थे। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा था। एशियन गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेंगे। नागोया का मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम ही ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी का मेजबान है। इस बार करीब 11,000 एथलीट 45 देशों और OCA रिफ्यूजी टीम की ओर से 43 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। कुल 469 गोल्ड मेडल दांव पर हैं।

### पहले ही शुरू हो चुके हैं कई मुकाबले

**एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी से पहले ही कई खेलों के मुकाबले शुरू हो चुके थे। महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम मेजबान जापान को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं टेकबॉल में भी भारत पदक की रेस में है। यह खेल पहली बार एशियन गेम्स का हिस्सा बना है। भारत की क्रिम्सी डी सूजा शनिवार को महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में हार गईं। अब वह ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले में उतरेंगी।**

## बस की आपातकालीन खिड़की से गिरकर बच्चा घायल

**नहटौर ( चिंगारी )। चलती बस में अचानक आपातकालीन खिड़की खोलने से 8 वर्षीय बच्चा नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।**

शनिवार को ग्राम मुससेपुर निवासी अमरपाल अन्य परिजनों के साथ हरिद्वार से अपने घर लौट रहा था। उनके साथ उनका भतीजा प्रभात पुत्र झरिया (8 वर्ष) भी था। जब रोडवेज बस कोतवाली रोड स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक और डिग्री कॉलेज के बीच पहुंची तो अचानक चलती हुई रोडवेज की आपातकालीन खिड़की खुल गई, जिसमें खिड़की के पास स्थित सीट पर बैठा प्रभात सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बिजनौर रैफर कर दिया है।

### बच्चे ने खोली खिड़की

चालक सुनील कुमार निवासी छिपरी शहजादपुर ने बताया कि बच्चा अपने परिजनों के साथ बैठा हुआ था। अचानक उसने आपातकालीन खिड़की का लॉक खोल दिया और जिससे वह गिर गया। सूचना पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी प्राप्त की है। उप निरीक्षक संयम यादव ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## तीन नलकूपों से तार चोरों ने किया पार

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव छाछरी टीम में गत रात्रि चोरों ने किसानों के नलकूपों के तार और केबल चोरी कर लिये, जिससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ। छाछरी टीप निवासी किसान विजयपाल सिंह, मनोज कुमार, हंसपाल आदि किसानों के नलकूपों से चोरों ने तार और केबल काटकर भारी नुकसान पहुंचाया। किसानों का कहना है कि बरसात के मौसम में चोर सक्रिय हो गए हैं और आयेदिन किसानों के कुओं पर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## पश्चिमी यूपी से भाजपा के मिशन-2027 का आग़ाज़

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिमी यूपी से अपने चुनावी अभियान का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। वह दो दिन के यूपी दौरे पर आएंगे। इस यात्रा में वह मां शाकुंभरी के दर्शन करेंगे। भाजपा अध्यक्ष 21 को मेरठ में तो 22 को सहारनपुर में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की तैयारियों को लेकर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को मेरठ में कोर टीम के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। भाजपा ने यूपी के सियासी तापमान को बढ़ाने की पूरी तैयारी कर ली है। पार्टी ने क्षेत्रवार माहौल बनाने के फैसला किया है। वहीं दूसरी ओर संघ परिवार (आरएसएस) भी भाजपा के साथ मिशन-2027 के लिए कील-कांटे दुरुस्त करने में जुट गया है। बुधवार को राजधानी लखनऊ में अवध और कानपुर क्षेत्र की समन्वय बैठक में संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष इसका स्पष्ट संदेश दे चुके हैं। अब भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिमी यूपी को मथने आ रहे हैं। नितिन 21 सितंबर को मेरठ पहुंचेंगे। वहां पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सांसद-विधायकों के साथ बैठक करेंगे।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# समाधान दिवस में 22 शिकायतें आईं, दो मौके पर निपटाईं



**बिजनौर (चिंगारी)।** तहसील बिजनौर में शनिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे और अपनी शिकायतें एवं प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायत एवं प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का आवश्यकतानुसार स्थलीय सत्यापन और जांच कर निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिये, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


DMF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# गैस कनेक्शन दिलाने के बहाने युवती के जेवर लगाये थे ठिकाने

## आरोपी गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** चांदपुर में गैस कनेक्शन दिलाने के बहाने युवती से सोने के जेवर ठगकर बाइक समेत फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने की बालियां, कुंडल, गले का पेंडल और बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया था कि फीना बस्ती सराय रफी निवासी इदरीस अहमद ने 27 अगस्त को चांदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे एक अनजान व्यक्ति उनके घर पहुंचा। उसने खुद को अमरोहा के खेड़ा परोला गांव का रहने वाला और चांदपुर गैस एजेंसी का कर्मचारी बताया।

आरोपी ने इदरीस की बेटी को गैस सिलेंडर दिलाने की बात कहकर इदरीस की पैशन प्रो बाइक ले ली। इसके बाद वह युवती को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास छोड़कर उसके पिता को अपने साथ ले गया। कुछ देर बाद आरोपी ने उसके पिता को भी बहाना बनाकर दूसरी जगह छोड़ दिया।

आरोपी दोबारा युवती के पास पहुंचा और कहा कि गैस एजेंसी पर गारंटी के तौर पर जेवर दिखाने होंगे। आरोपी की बातों में आकर युवती ने सोने की बालियां, कुंडल और गले का पेंडल उसे दे दिया। आरोपी ने युवती से कहा कि वह जेवर उसके पिता को दे देगा। इसके बाद युवती को वहीं छोड़कर बाइक और जेवर लेकर फरार हो गया।

### 50 सीसीटीवी कैमरों की 150 घंटे की फुटेज खंगाली

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी ग्रामीण के अनुसार पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास और आरोपी के आने-जाने वाले रास्तों पर लगे करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। करीब 150 घंटे की रिकॉर्डिंग देखने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी।

### आरोपी के ख़िलाफ़ 15 मुक़दमे

पुलिस ने संभल के अंजोरा कंबा निवासी रिहान उर्फ मंजर पुत्र अनवर को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के मौजूदा पते गाजियाबाद के पांच सौदा थाना टीला मोड़ और दिल्ली के बुराड़ी स्थित संगम विहार गली नंबर-3 में भी बताए गए हैं। आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी कानों की बालियां, एक जोड़ी कुंडल, गले का पेंडल और बाइक बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जिलों और थानों में करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


## आईटीआई प्रवेश 25 सितम्बर तक

बिजनौर (चिंगारी)। राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि जनपद में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में अगस्त 2026 से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु प्रवेश का तृतीय चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थी संबंधित संस्थान में 25 सितम्बर 2026 तक उपस्थित होकर अपना प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा से उनके मोबाइल नंबर 9897638 638 पर की जा सकती है।

# दिगम्बर सिंह ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ किया गन्ने के खेतों का भ्रमण

## आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलुरु आश्रम से बिजनौर पहुंची कृषि वैज्ञानिकों की टीम



**बिजनौर (चिंगारी)।** आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलुरु आश्रम से बिजनौर पहुंचे कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश ने शनिवार को टीम के साथ गन्ने के खेतों का भ्रमण किया। इस दौरान भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह भी मौजूद रहे। दिगम्बर सिंह ने कहा कि गन्ने की फसल पर रेड रॉट का प्रकोप शुरू हो गया है। आईआईटी दिल्ली के वैज्ञानिकों से भी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़कर समाधान तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं कि खराब हो रही मिट्टी की सेहत को सुधारा जाए।

भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि बीज बदलने के बाद भी गन्ने में सामने आ रही रेड रॉट बीमारी, लगातार खराब हो रही मिट्टी की सेहत और घटते ऑर्गेनिक कार्बन जैसे गंभीर विषयों पर खेत में ही विस्तार से टीम के साथ चर्चा हुई। दिगम्बर सिंह ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलुरु आश्रम से बिजनौर पहुंचे कृषि वैज्ञानिक दो से तीन दिन जिले में रहेंगे और किसानों के बीच पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि अब प्रयास केवल समस्या बताने का नहीं, वैज्ञानिक समाधान खोजने का है। दिगम्बर सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक मिट्टी की टेस्टिंग, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, उचित बीज शोधन तथा ऐसी गन्ने की किस्मों का चयन, जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर हो-इन सभी पहलुओं पर विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आईआईटी दिल्ली के वैज्ञानिकों से भी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़कर समाधान तलाशने का प्रयास हमारा संगठन कर रहा है। किसान की फसल सुरक्षित हो, मिट्टी स्वस्थ हो और आने वाली पीढ़ियों के लिए खेती मजबूत रहे इसे लेकर काम किया जाएगा।

# 70 बरस बीत गये, पीढ़ियां बदल गईं

## .. मगर वो नहीं लौटे

-नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कुछ मुसाफिर रास्तों में बिछड़ जाते हैं, कुछ वक्त की धूल में गुम हो जाते हैं लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं, जिनके लौटने की उम्मीद में एक पूरा परिवार पीढ़ियों तक इंतजार करता रहता है। वो मुसाफिर जो घर से निकले तो थे लौटने के लिए, मगर फिर कभी लौटकर नहीं आए। उनकी राह देखते-देखते चेहरे बदल गए, पीढ़ियां गुजर गईं, मगर इंतजार आज भी वहीं खड़ा है।

यह कहानी करीब सात दशक पुरानी है। वर्ष 1950-55 के आसपास अफजलगढ़ से दो लोग आर्य समाज के अधिवेशन में शामिल होने मथुरा गए थे। उन्हें क्या पता था कि यह यात्रा उनके जीवन की ऐसी यात्रा बन जाएगी जिसके बाद वे अपने घर की चौखट कभी नहीं देख पाएंगे।

मथुरा में अधिवेशन के दौरान टैंट में अचानक आग लग गई। आग की लपटों के बीच भगदड़ मची और इसी अफरा-तफरी में दोनों एक-दूसरे से ही नहीं बल्कि अपने घर-परिवार से भी हमेशा के लिए बिछड़ गए।

नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी कुंदन लाल बिश्नोई के परपौत्र अंकित बिश्नोई तथा मोहल्ला गौहर अली खान निवासी सुरेश चंद्र बिश्नोई के पौत्र आशीष बिश्नोई उर्फ सोनू बताते हैं कि उनके परदादा कुंदन लाल बिश्नोई और दादा सुरेश चंद्र बिश्नोई उस समय करीब 40 वर्ष के थे। दोनों मथुरा में आयोजित आर्य समाज के अधिवेशन में गए थे। कुंदन लाल अपने पुत्र राजनाथ सिंह बिश्नोई और पुत्रवधू शारदा देवी को भी साथ लेकर गए थे।

इस दौरान अधिवेशन में अचानक उनके टैंट में अज्ञात कारणों से आग लग गई और देखते ही देखते वहां भगदड़ मच गई। हर तरफ चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल था। इसी बीच कुंदन लाल बिश्नोई और सुरेश चंद्र बिश्नोई न जाने कहां गायब हो गए। परिजनों ने काफी तलाश की और लोगों से पूछताछ की लेकिन दोनों का कहीं कोई पता नहीं चला।

आखिरकार राजनाथ सिंह बिश्नोई और उनकी पत्नी शारदा देवी भारी मन से घर लौट आए। शायद उन्हें विश्वास था कि पिता और उनके साथी किसी तरह रास्ता ढूंढकर घर पहुंच जाएंगे। घर की चौखट पर कभी कदमों की आहट सुनाई देगी, दरवाजा खुलेगा और वर्षों से बिछड़ा अपना लौटता हुआ दिखाई देगा। लेकिन वह आहट कभी नहीं आई।

दिन महीनों में बदले, महीने वर्षों में और वर्ष दशकों में बदल गए। देखते ही देखते करीब 70 वर्ष से अधिक समय गुजर गया। इंतजार करने वाले भी इस दुनिया से चले गए। नई पीढ़ियां आ गईं, मगर कुंदन लाल और सुरेश चंद्र के लौटने की कहानी अधूरी ही रह गई। अंकित बिश्नोई बताते हैं कि उस समय यातायात के साधन बेहद सीमित थे, न आज जैसी संचार व्यवस्था थी और न ही आवागमन के पर्याप्त साधन। परिस्थितियां भी ऐसी नहीं थीं कि परिवार दूर-दूर तक जाकर उनकी तलाश कर सके। इसलिए परिजन एक उम्मीद के सहारे जीवन बिताते रहे कि शायद दोनों कहीं होंगे और एक दिन अचानक घर लौट आएंगे।

आज कुंदन लाल बिश्नोई के परपोते और सुरेशचंद्र बिश्नोई के पौत्र उस अधूरी कहानी को अपनी यादों और बुजुर्गों से सुनी बातों के सहारे संजोए हुए हैं।

# वरिष्ठ जनों को व्यस्त रहना होगा

हम वरिष्ठ हैं। उम्र वरिष्ठ नहीं है। हमारी सोच वरिष्ठ है।हमारे विचार जवान हैं। तब हमारी सोच भी जवान है। सोच और विचारों पर आधारित उम्र वृद्धावस्था को कहीं पीछे छोड़ देती है। अत: हम 60 वर्ष के बाद भी जवान है। और जब तक प्रभु के दिए सांस हैं। अपने आप को जवान की परिधि में रखकर जीने का संकल्प ले। उसके लिए सबसे पहले स्वास्थ्य के प्रति आपकी जागरूकता काम आएगी। जैसे कि सुबह और शाम को घूमना नियमित स्वास्थ्य के प्रति डॉक्टर से सलाह, नियमित जांच, और हल्का संतुलित आहार हमें वृद्धावस्था से दूर रखने का एक तरीका है। तत्पश्चात आपके जीवन में कुछ ना कुछ गुणवता होती हैं। जैसे किसी को संगीत की होती है। किसी को लेखन की होती है। किसी को गाने की होती है। किसी की रुचि साहित्य के प्रति होती है। किसी की रुचि काव्यात्म् के प्रति होती है। ऐसी ही अनेकों गुणों से भरपूर हमारे शरीर की रचनात्मक शैली में यह गुण पाए जाते हैं। जैसे समाज सेवा भी उसका एक प्रारूप है। किसी संस्था से जुड़कर के उसके कार्यों में हाथ बटाना। यह भी आपके जीवन को सुखद अनुभव दे सकती है। कहीं आप अपने विचारों को आज सोशल मीडिया के जरिए भी अपनी भावनाओं को, अपने संगीत को, अपनी कविताओं को, अपने विचारों को प्रेषित कर सकते हैं। आपके विचारों से बहुत से लोग असहमत या सहमत दोनों हो सकते है। लेकिन इसमें विशेष बात यह है! कि आपका समय अनुकूल व्यतीत होगा। क्योंकि आपका जो मस्तिष्क का कार्य है। वह लगातार चल रहा है।



तो आप स्वस्थ,व्यस्त और क्रियाशील भी रहेंगे। क्योंकि आपका जब मस्तिष्क काम करता है। तो समझो कि हम स्वस्थ हैं। जब मस्तिष्क काम करना बंद कर देते हैं। या हम किसी तरह व्यस्त नहीं रहते। तो हम ऐसे समझते हैं कि जैसे हम बीमार हैं। या हमसे कोई बोलता चालता नहीं है। तो इससे बचने के लिए ही हमें जब रिटायर हो जाएं या किसी अपने कारोबार से रिटायरमेंट ले।

सर्वप्रथम तुम घर से ही शुरू हो सकते हो। जैसे कि अपने बच्चों में व्यस्त रहने, पोते या पोतिया को स्कूल छोड़ने, उनको लाना ले जाना ही आपकी कार्यक्षमता को बनाए रखेगी ऐसा दोस्त और दोस्ती जो की निस्वार्थ भाव की हो और उसमें कोई फॉर्मेलिटी ना हो। दोस्त के घर आने और जाने में कोई भी इस प्रकार का व्यवधान न हो। सीधे-साधे जाइए और खूब बातें कीजिए।दोस्ती का प्रारूप भी मजबूत रहेगा। आज कल अकेलेपन की संभावना अधिक है। क्योंकि परिवार छोटे हैं। इसलिए दोस्त होना भी अत्यंत आवश्यक है। दोस्ती भी घरेलू संबंध की होनी चाहिए। यह सब आपकी वरिष्ठता को जवान बनाने रखने में सहायक होगा।



-जितेंद्र सिंह कक्कड़
अध्यक्ष
वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति
नजीबाबाद, जिला बिजनौर

# हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा

## राजभाषा हिंदी की अलख जगा रहे समाचार-पत्र

भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरीके से भाषा बोलने का चलन है और अलग-अलग तरीके से सब लोग अपने-अपने स्तर से क्षेत्रीय भाषाओं को बोलते हैं, लेकिन वही सबसे बड़ी बात है कि हम सब हिंदी भाषा को ही बोलते हैं बस तरीके अलग-अलग हैं, क्योंकि हिंदी हमारी भाषा है और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था और पहला हिंदी दिवस भारत देश में 14 सितम्बर 1953 को मनाया गया था, क्योंकि इस भाषा को देश के संविधान मैं संघ की राजभाषा का दर्जा प्राप्त है और आजादी के बाद संविधान निर्माण के दौरान विशाल और बहुभाषी भारत देश में सरकारी कार्यों आमजन के कार्यों के लिए हिंदी का व्यवहार हमारे जीवन का सारथी बन गया और भारतीय संविधान की अनुच्छेद तीन सौ तैंतालीस में हिंदी को राजभाषा माना गया और यह भाषा भारत की समृद्ध भाषा बनी और फिर यही भाषा जहां आमजन की भाषा बनी, वहीं भारतीय साहित्य संस्कृति सभ्यता और भाषाई विरासत सिनेमा शिक्षा जनसंचार का माध्यम बन गई और आज जहां भारत वर्ष में हिंदी बड़ी संख्या में बोली जाती है वहीं उन राज्यों में बड़ी संख्या में बोली पढ़ी और सुनी जाती है जो हिन्दी भाषी क्षेत्र नहीं है लेकिन आज बड़ी संख्या में उन राज्यों में हिंदी भाषा पर बड़े स्तर पर काम हो रहा है। सेमिनार लेखन और समाचार पत्रों के माध्यम से हिंदी भाषा पर बड़े स्तर पर काम हो रहा है वहीं आज जब डिजीटल युग चल रहा है तब भी हिन्दी समाचार पत्र हिंदी को जिंदा रखने के लिए कठोर तपस्या, परिश्रम से मंहगाई के युग में हिंदी समाचार पत्र निकालकर राष्ट्र भाषा हिंदी को जिंदा रखने के लिए काम कर रहे हैं। यही कारण है कि आज तमाम बातें करते हुए भी हम किताबों और समाचार पत्रों पर निर्भर है और वह इसलिए कि जो हिन्दी भाषा हमें समाचार-पत्रों, साहित्य लेखन में मिलती है और कहीं नहीं मिलती ऐसे मैं जब रेडियो टेलीविजन का युग एक यादगार बन गया उस समय हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए केवल समाचार पत्र ही एक मजबूत आधार बन गया और तमाम अनाप शनाप फालतू बातें भोपू मीडिया तलुआ चाट झूठी बातें करने वाले लोगों को नकारते हुए भारतीय जनता अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी को बोलते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी निर्भीक पत्रकारिता को ही सत्य मानकर पढ़ रहे हैं।



-महताब खां चांद



# बिहार की चार हस्तियों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

बिहार की चार फिल्मी हस्तियों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बिहार के लिए 72वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह खास होने जा रहा है। बिहार से जुड़ी चार फिल्मी हस्तियों अभिनेता संजय मिश्रा, निर्देशक कमलेश के. मिश्र, निर्माता मिंटी मिश्रा और फिल्म समीक्षक संजीव श्रीवास्तव को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 सितंबर को गुजरात के एकता नगर (केवाड़िया) में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। दरभंगा निवासी अभिनेता संजय मिश्रा को फिल्म 'भक्षक' में बेहतरीन अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का रजत कमल प्रदान किया जाएगा। 'भक्षक' की कहानी चर्चित मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड से प्रेरित है। गोपालगंज निवासी निर्देशक कमलेश के. मिश्र और निर्माता मिंटी मिश्रा को फिल्म 'काकोरी' के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनीपरक/ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फिल्म का रजत कमल प्रदान किया जाएगा।




# वहीदा रहमान निभाएंगी
## महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई का किरदार

दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान फिल्मकार अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा की आगामी फिल्म में महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई की भूमिका निभाएंगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी महात्मा गांधी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

फिल्म महात्मा गांधी के जीवन के कम चर्चित 21 दिनों की कहानी पर आधारित है। सुधीर मिश्रा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा और नरेंद्र हिरावत ए बनारस मीडियावर्क्स के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म को एनएच स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है।

वहीदा रहमान की मौजूदगी से फिल्म में भावनात्मक गहराई जुड़ने की उम्मीद है। सुधीर मिश्रा ने कहा कि वहीदा रहमान का इस परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि 'प्यासा', 'साहिब बीबी' और 'गुलाम', 'कागज के फूल' और 'गाइड' जैसी फिल्मों से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और उन्हें यकीन नहीं होता कि ऐसी ऐतिहासिक फिल्मों की अभिनेत्री अब उनके निर्देशन वाली फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। अनुभव सिन्हा ने कहा कि वहीदा रहमान के साथ फिल्म और खास तौर पर इस परियोजना पर चर्चा करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने खुशी जताई कि सुधीर मिश्रा और फिल्म की पटकथा वहीदा रहमान को फिर से सेट पर लाने में सफल रहे।



# 'तुम मेरे हो'
## में पहली बार साथ नजर आएंगे गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय

गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय पहली बार फिल्म 'तुम मेरे हो' में साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा निर्देशित यह फिल्म प्रेम, एक्शन और रोमांच से भरपूर होगी। फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने इसके पहले पोस्टर जारी किए हैं, जिनमें गुरमीत और ईशा के किरदारों के बीच गहरे रिश्ते की झलक देखने को मिलती है। यह फिल्म ईशा मालवीय की बॉलीवुड में पहली फिल्म है। निर्देशक आशीष पांडा ने कहा कि फिल्म में प्यार के साथ उन भावनाओं और चुनौतियों को भी दिखाया गया है, जो रिश्ते की परीक्षा लेती हैं। उन्होंने कहा कि गुरमीत ने किरदार की गहराई और दृढ़ता को प्रभावी ढंग से निभाया है, जबकि ईशा ने भावनात्मक गहराई के साथ किरदार की मजबूती को भी बखूबी पेश किया है।







# विजय देवरकोंडा-रश्मिका मंदाना की 'राणाबाली' की शूटिंग पूरी

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म राणाबाली की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को दशहरा के अवसर पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। राहुल संकृत्यायन के निर्देशन में बनी फिल्म अब निर्माणोत्तर चरण में पहुंच गई है। फिल्म की रिलीज में 29 दिन शेष रहने के अवसर पर निर्माताओं ने विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना का नया श्वेत-श्याम पोस्टर जारी किया है। इसमें दोनों कलाकार पारंपरिक ऐतिहासिक वेशभूषा में नजर आ रहे हैं। फिल्म में विजय देवरकोंडा राणाबाली और रश्मिका मंदाना जयम्मा की भूमिका निभा रही हैं। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष की कहानी है और इसमें दोनों कलाकार अलग और नये रूप में नजर आएंगे। मैत्री मूवी मेकर्स निर्मित इस फिल्म का संगीत अजय-अतुल ने दिया है।

# रिचा चड्ढा की पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज़




अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने अपनी पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यह रिचा का यूट्यूब पर भी पहला कदम है। आठ एपिसोड की इस सीरीज़ को रिचा ने होस्ट करने के साथ-साथ लिखा और प्रोड्यूस भी किया है। 'मुसाफिरी' नये यूट्यूब चैनल 'फुल स्टॉप' पर 25 सितंबर से प्रसारित होगी। इसके बाद हर शुक्रवार एक नया एपिसोड जारी किया जाएगा। इस चैनल को रिचा चड्ढा और अली फज़ल ने लॉन्च किया है। 'मुसाफिरी' रिचा और अली फज़ल के प्रोडक्शन हाउस बटटंस स्टूडियोज़ की दूसरी प्रस्तुति है। इससे पहले प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को सनडांस में कई सम्मान मिले थे और रिचा को इंडी स्पिरिट्स अवार्ड्स में जॉन कैसावेट्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था। 'मुसाफिरी' का विचार रिचा के मां बनने के बाद अपने आसपास की दुनिया को नये नजरिए से देखने की जिज्ञासा से आया। इतिहास में ऑनर्स की पढ़ाई कर चुकी रिचा कला, इतिहास, संस्कृति और लोगों के जीवन को करीब से जानने में रुचि रखती हैं। सीरीज़ के पहले सीज़न में रिचा मुंबई के अनसुने इतिहास, कम चर्चित जगहों, दिलचस्प लोगों और अनकही कहानियों की तलाश करती नजर आएंगी। आठ एपिसोड में वह स्थानीय लोगों, कलाकारों, इतिहासकारों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगी।

# विधायक ओमकुमार ने किया ग्रामीणों से संवाद, महापुरुषों को भी किया याद



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र नहटौर में सामाजिक समरसता कार्यक्रमों के माध्यम से विधायक ओमकुमार ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्राम गुजरपुरा जसपाल, वैबलपुर, इब्राहिमपुर खण्डसाल, फतेहपुर असल, थम्बूवाला और उग्रावाला में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

विधायक ओम कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल योजना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विधायक ओमकुमार ने सर्वसमाज के महापुरुषों को याद करते हुए सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और जनसंवाद को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान सतीश त्यागी प्रधान, अरविंद त्यागी, रावेंद्र त्यागी, गुल अहमद, पप्पू पठान, लोकेश त्यागी, शिवम त्यागी, कुलमणि देशवाल, रूपेश त्यागी प्रधान, सौरभ त्यागी प्रधान, पुष्कर चौधरी, रामकिशन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों द्वारा किए गए स्वागत, स्नेह और आशीर्वाद के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।




# गणपति बप्पा मोरिया...

**नहटौर ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर दुर्गा विहार स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं ने गणपति जी की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने सुख शांति समृद्धि की कामना की। पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रदीप चौहान एवं उनकी पत्नी रेखा चौहान रही। शनिवार को दुर्गा विहार स्थित गणपति महोत्सव कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा गणपति बप्पा की विशेष पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाये। इस अवसर पर अरुण शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, सुभाष चौहान, उदित भारद्वाज, अनिल चौधरी, मीनू राजपूत आदि सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं श्री हाथी वाला मंदिर में भी बाबा मलंग दास जी महाराज के दिशा निर्देशन में गणपति पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।



# बिजनौर को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए नगर पालिका ने शुरू किया बड़ा अभियान



**सड़कों से हटाया अवैध कब्जा**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में यातायात और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बिजनौर ने शनिवार को एक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान नगर पालिका चौराहे से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तक चलाया गया, जिससे सड़क पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक अस्थाई अतिक्रमणों को ध्वस्त कर पालिका प्रशासन ने सामान अपने कब्जे में ले लिया। जिला व नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान जेसीबी की मदद से सड़कों के किनारे अवैध रूप से बनी टिनशेडों और काउंटरों को पूरी तरह हटवा दिया। इसके साथ ही कई दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैलाकर रखे गए सामान को जब्त कर लिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी अपना सामान सड़कों पर न फैलाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त होने तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जाएगा और कानून का उल्लंघन करने वाले हर व्यक्ति पर बिना किसी भेदभाव के सख्त धारा के तहत कार्रवाई होगी। इस अवसर पर नगर पालिका के अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार, सफाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व मुख्य कर्मचारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# मुर्गी पालन प्रशिक्षण संपन्न, 30 प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण-पत्र



**हल्दौर ( चिंगारी )।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से क्षेत्र के बेरोजगार महिला-पुरुषों के लिए आयोजित बारह दिवसीय नि:शुल्क मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 30 प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने सभी 30 प्रतिभागियों सोनम, किरण, आयुष कुमार, राहुल, विवेक आदि को हाथों से प्रमाण-पत्र सौंपे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी बारीकियों की विस्तृत जानकारी दी गई। बीमारी और रख-रखाव मुर्गियों की विभिन्न बीमारियों, उनके सही रख-रखाव, खानपान और व्यापार करने के उन्नत तरीकों के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिभागियों को सिकंदरी गांव स्थित गिरवर सिंह के मुर्गी पालन फार्म की फील्ड विजिट (यूनिट विजिट) कराई गई, जिससे उन्हें व्यावहारिक रूप से व्यवसाय की समझ मिल सके। इसके साथ ही, सरकारी योजनाओं जैसे राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत बैंक से ऋण प्राप्त करने और सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी की पूरी प्रक्रिया से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया, ताकि वे इस व्यवसाय को अपनाकर अपनी आजीविका को बेहतर बना सकें।

# आईटीआई समीपुर में लगा रोजगार मेला

## प्रशिक्षित युवा देश का भविष्य- तपराज सिंह



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय बिजनौर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) समीपुर ( नजीबाबाद ) के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई समीपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं ऑफर लैटर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे नजीबाबाद के ब्लॉक प्रमुख / प्रशासक तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों के आयोजन से स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का सुगम अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि कुशल प्रशिक्षित एवं प्रतिभा सम्पन्न युवा ही देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिये हरसंभव जतन कर रहे हैं तथा देश-प्रदेश में अधिकाधिक रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगेश चौधरी उपस्थित रहे।

उक्त रोजगार मेले में लगभग 15 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कुल 865 अभ्यर्थी मेले में रोजगार प्राप्त करने के लिये अपनी योग्यता का टेस्ट देने पहुंचे। कंपनियों द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के उपरांत 532 प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन रोजगार हेतु किया गया। चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्हें कंपनियों द्वारा ऑफर लैटर वितरित किये गये। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान समीपुर ( नजीबाबाद ) के प्रधानाचार्य अंचल कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर विशाल राठी, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर पंकज चौधरी, प्रधान सहायक आईटीआई बिजनौर राकेश शर्मा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जबकि रोजगार मेले के सफल आयोजन में कपिल पाराशर, अमरकांत पाल, देवेंद्र सिंह, जीवन सिंह, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, मुकुल कुमार आदि का सहयोग रहा।

# जिला सचिव बने हाजी शहजाद इलाके में हो रही खूब ज़िंदाबाद



**बिजनौर (चिंगारी)।** स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मधुपुरा निवासी हाजी शहजाद मलिक को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव नामित किया गया है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। बता दें कि हाजी शहजाद मलिक पिछले 15 वर्षों से समाजवादी पार्टी में काम कर रहे हैं। उनके मनोनयन से बुढ़नपुर क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। एम.आर. पाशा का कहना है कि हाजी शहजाद मलिक एक जमीनी कार्यकर्ता हैं। उनके जिला सचिव बनने से समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी। हाजी शहजाद ने अपने मनोनयन के लिये पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है।

# रिक्शा चालक पर चाकू से किया हमला



**नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम सराय आलम निवासी वीरेन्द्र सिंह (45 वर्ष ) ई - रिक्शा चलाता है। शनिवार को अपराहन लगभग ढाई बजे किसी मामूली विवाद में सराय आलम के ही शिवम पुत्र राजेन्द्र ने वीरेन्द्र पर चाकू से हमला कर दिया। उसके सिर तथा कंधे पर चाकू लगा है, जबकि पैरों सहित शरीर पर कई जगह गुम चोटें भी लगी हैं। घायल के परिजनों ने घटना की सूचना डायल - 112 पर कॉल करके पुलिस को दी। पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गया। 108 एम्बुलेंस द्वारा घायल को उपचार हेतु समीपुर ( नजीबाबाद ) स्थित सीएचसी भिजवाया गया, जहां से देर शाम उसे मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय बिजनौर के लिये रैफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अनू कुमारी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।**


# हादसे में युवक की मौत



अफजलगढ़। मृतक की पहचान हरप्रीत पुत्र मनजीत निवासी मीरपुर साउथ (28) के रूप में हुई है। बताया गया कि देर रात हरप्रीत बाइक से ग्राम कादराबाद से वापस घर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम भिक्कावाला के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल हरप्रीत को उपचार के लिए काशीपुर ले गए। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा घटना की जानकारी जुटाई जा रही है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम बरकातपुर में इस बार 31 वें श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथास्थल शिव मंदिर बरकातपुर पर कथावाचक पं. सतीशचंद शर्मा ने पूजन कराया। उसके उपरांत डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा की शुरुआत हुई। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गयी तथा वहीं पहुंचकर उसका समापन हुआ। जबकि आज सुबह 9 बजे से कथावाचक पं. सतीशचंद शर्मा द्वारा भागवत कथा का वाचन आरंभ किया गया, जो 26 सितंबर तक चलेगा। कथा का वाचन दो शिफ्टों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपराहन 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। 27 सितंबर को भागवत कथा महोत्सव के समापन पर यज्ञ-हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कलश यात्रा में श्रीकांत राजपूत, मोहित राजपूत, प्रत्यक्ष राजपूत, प्रभात राजपूत, संदीप राजपूत, हितेश, रोशन सिंह, सुशील कुमार, विवेक, सत्यम, मिथलेश देवी, उपासना देवी, चक्रिता देवी, उर्मिला देवी, कमलेश देवी, कुंतेश देवी, संजू देवी, रेशा देवी सहित कई महिलायें-पुरुष मौजूद रहे।



# जैन समुदाय द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया उत्तम सत्य का पर्व



**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय शंभा बाजार स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे दश लक्षण पर्व के अंतर्गत आज पांचवें उत्तम सत्य का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रात: श्री जी का अभिषेक करने के उपरांत शांति धारा एवं श्री जिन वाणी की सामूहिक पूजा की गई। पांचवें पर्व उत्तम सत्य के विषय में बताया गया कि सत्य केवल बोलने का ही विषय नहीं बल्कि यह सोच, व्यवहार और जीवन को हर दशा में सही मार्ग पर चलाने का माध्यम है। सत्य ही वास्तविक शांति है, जो मन, वचन व कर्म को पवित्र बनाती है। यह भी कहा जा सकता है उत्तम सत्य धर्म का अर्थ मन, वचन, काय से सत्य का पालन करना है। यह झूठ, कपट, छल से दूर रहना सिखाता है। सदैव सच बोलना, सच्चाई के मार्ग पर चलना उत्तम सत्य धर्म है। आज के इस पर्व पर अशोक कुमार जैन एवं आशीष कुमार जैन भट्टे वाले, नितिन कुमार जैन, राजेश जैन, राजीव जैन लोहे वाले, अनिल जैन एड., संजीव जैन, शोभित जैन, प्रदीप कुमार जैन, आलोक जैन, सुधा जैन, ऋतु जैन, तनु जैन, अर्चना जैन, सपना जैन, मनी जैन, समता जैन आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शाम को प्रतिदिन आरती, भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी उत्साहपूर्वक आयोजित किये जा रहे हैं।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# परिचित महिला ने महिला पर किया धारदार हथियार से हमला



महिला पर हमले की जांच करती पुलिस।

## पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद

नजीबाबाद (चिंगारी)। साईं धाम कॉलोनी में एक महिला पर उसकी ही परिचित महिला ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। साईं धाम कॉलोनी निवासी लक्ष्मी के घर एक परिचित महिला आई थी। जिसे एसबीआई की लालूवाला ब्रांच में कार्यरत लक्ष्मी के पति दिनेश कुमार लेकर आए थे। महिला ने पूरा दिन घर पर ही बिताया। बताया गया है कि जब दिनेश कुमार के करीब 15 साल के जुड़वां बच्चे ट्यूशन चले गए, लक्ष्मी घर में अकेली थीं, तब दोनों महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। इसी दौरान परिचित महिला ने अचानक धारदार हथियार से लक्ष्मी पर हमला कर दिया, जिसमें लक्ष्मी बुरी तरह घायल हो गईं। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर महिला घर से निकलकर पास की दीवार फांदकर भाग चुकी थी। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की खबर मिलने पर थाना प्रभारी अमित कुमार व एसएसआई सौरभ कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि महिला की हालत अभी स्थिर है। उनके पति दिनेश कुमार से फोन पर जानकारी ली गई है। जब पुलिस कॉलोनी में जानकारी लेने पहुंची, तब स्थानीय लोग व ग्राम प्रधान पति हिमांशु राजपूत भी मौके पर मौजूद थे। सीओ सुनील कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



## श्री सिद्धि विनायक मंदिर में अवनीश अग्रवाल ने की श्री गणेश की पूजा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणपति महोत्सव के मौके पर प्रतिदिन श्री गणेश की सुबह-शाम पूजा व आरती जारी है। मंदिर में शाम संध्या के मुख्य यजमान अवनीश अग्रवाल टांडे वाले रहे। पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान शिव के वरदान से ही गणपति समस्त देवी देवताओं में प्रथम पूज्य देवता हैं, किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने से पूर्व भगवान गणपति की आराधना सर्वप्रथम होती है। इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, प्रबंधक राहुल वर्मा व डॉ. राजीव अरोड़ा, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, कार्यक्रम संयोजक आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट, पंकज अग्रवाल, अरुण पाटिल, दीपक भारद्वाज, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नितीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल आदि मौजूद रहे।

## गणेश महोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास गणेश महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान गणेश जी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान राजा भारतेंद्र सिंह रहे। विधि विधान से पूजा अर्चना अपार भारद्वाज द्वारा संपन्न कराई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं व बच्चों ने भगवान की सुंदर एवं मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की। इस अवसर पर हिमांशु पाल, अनमोल वर्मा, आदि जैन, वंश छाबड़ा, कोमल उर्फ पाठा कश्यप, गौरव, रुद्राक्ष गौड़, पवन सिंह एडवोकेट, देव तोमर, अंश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## लीना सिंघल ने गणेश उत्सव पर की पूजा व आरती

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के चैक बाजार में होली कल्याण समिति द्वारा आयोजित गणेश उत्सव के अवसर पर पूजा एवं आरती कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं आरती की तथा उनका आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी भक्तगणों के साथ मिलकर भगवान श्री गणेश से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में संदीप तायल, आशीष तायल, राजीव ग्रोवर, संजय ग्रोवर, नीरज पाल, श्रीमती बबीता तायल, श्रीमती इंदु राजपूत, श्रीमती गीता राज, कपिल चैधरी, राजन राजपूत सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## जयप्रकाश जौली के निधन पर शोक जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद की अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था के वरिष्ठ रचनाकार एवं सम्मानित सदस्य जयप्रकाश टांक जौली का 85 वर्ष की उम्र में एक सप्ताह जॉली ग्रांट हास्पिटल में ब्रेन हेमरेज का इलाज होने के बाद बीती रात निधन हो गया है, उनके निधन पर संस्था के सभी पदाधिकारियों ने दुख जताते हुए कहा कि वह एक जिंदादिल, व्यावहारिक, हंसमुख व अभिव्यक्ति परिवार के लिए समर्पित रचनाकार/कवि के रूप में सदैव जाने जाते रहेंगे। प्रदीप डेजी ने अपनी व अभिव्यक्ति परिवार की ओर से उन्हें उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा भगवान से प्रार्थना उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने जनसंपर्क किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम समीपुर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने जनसंपर्क कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों एवं समाज के जिम्मेदार लोगों से 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने व अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी शेख मोहम्मद ख़ालिक एवं संचालन क़ारी मोहम्मद आतिफ ने किया। इस मौके पर मुफ्ती मौ. आदिल ,हाजी अब्दुल शेख, हलीम शेख, जुल्फ़िक़ार शेख, हाजी नसीम शेख, मौ. आसिफ़ शेख, मिस्त्री क़ासिम शेख, जलालुद्दीन शेख, राशिद शेख, हाजी याक़ूब शाह, हाजी याक़ूब आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता फ़ुरकान खान ने किया कैफे का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद फ़ुरकान खान ने नजीबाबाद कोटद्वार रोड पर अप 20 कैफे का फीता काटकर उद्घाटन किया। सभी ने कैफे के मालिक मोहम्मद जीशान को मुबारकबाद दी। इस मौके पर भारतीय किसान संगठन एकता के जिला अध्यक्ष जावेद, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद सलमान, अफसर कुरैशी, आफताब, इकराम अंसारी आदि मौजूद रहे।

## जो कुछ ईमानदारी से प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना चाहिएः सरला जैन



जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व पर पूजा करते श्रद्धालु।

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती व सरजयती मन्दिर मे जैन धर्म के दशलक्षण धर्म के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म मनाया गया। उत्तम शौच धर्म का महत्व बताते हुए वरिष्ठ श्राविका सरला जैन ने प्रकाश डालते हुए बताया यह धर्म सिखाता है कि जो कुछ भी ईमानदारी से प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना चाहिए, मन में लालच नहीं रखना चाहिए। बाहरी स्वच्छता के साथ विचारों की निर्मलता व अंतकरण की पवित्रता ही व्यक्ति को मोक्ष व परम आनंद की ओर ले जाती है। श्रीजी की वेदी पर सामूहिक अभिषेक कर भगवान शान्तिनाथ पर शान्ति धारा लोकेश जैन व नेहा जैन परिवार की ओर से की गई। पर्व के चौथे दिन सामूहिक पूजा भगवान अजीतनाथ, भगवान धर्मनाथ, भगवान सम्भवनाथ चौबीसी (24तीर्थंकर) पूजा की गई। चंदा प्रभु भगवान की वेदी पर पूजन में पारसनाथ जैन, प्रियांशु जैन, वसु जैन, मनोज जैन, नमन जैन, सदीप जैन, जिनेश्वर दास जैन, भगवान वर्धमान की वेदी पर दिवाकर जैन, भगवान आदिनाथ की वेदी पर राजीव जैन, सरजायती मंदिर मे नेमिनाथ की वेदी पर 24 तीर्थंकर समुच्चय पूजा भगवान मुनि सुव्रतनाथ पूजन भगवान शान्तिनाथ दशलक्षण पूजन, राहुल जैन, अनुप जैन, राजीव जैन, शिखा जैन, नवकार जैन, ऋषभ जैन, दीया जैन, विपिन जैन, पारस जैन, आरजू जैन, वंदना जैन, अकुर जैन, दीपक जैन, नमन जैन, रिकू जैन, आशा जैन, ऋद्यु जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सेंट जॉन्स स्कूल में हुई शानदार इन्वेस्टीचर सेरेमनी




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नई बस्ती स्थित सेंट जॉन्स स्कूल बिजनौर में शनिवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षिका अर्चना चौधरी तथा शिक्षक रवि कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें कक्षा 10 से विराट पवार हेड बॉय, अंजली हेड गर्ल, उपांश वशिष्ठ, जुबिया आबिद अंसारी स्पोर्ट्स कैप्टन, माधव तथा रितिका को असेंबली इंचार्ज बनाया गया। अलशिफा आलम तथा अलिशबा को एक्टिविटी इंचार्ज, अंश तथा सिद्धि प्रजापति को डिसिप्लिन इंचार्ज, तंनू को वाइस डिसिप्लिन इंचार्ज बनाया गया तथा पीयूष, हर्षित प्रजापति, हमजा, दक्ष को हाउस कैप्टन बनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या महिमा रानी ने बच्चों को उनकी जिम्मेदारी के प्रति अवगत कराया तथा भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया।

# शादाब हैदर का स्वागत हुआ जोरदार बोले- इस बार बनेगी सपा सरकार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा युवजन सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शादाब हैदर का ग्राम स्याऊ पहुंचने पर फूलमालाओं से स्वागत किया गया। ग्राम स्याऊ में सपा युवजन सभा के जिला सचिव रूपराज चौहान के निवास पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शादाब हैदर ने प्रदेश की योगी सरकार को हर मोर्चा पर विफल बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरा मन बना लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक में रूपराज चौहान, मौ. मोहसिन असारी, नाजिम खान नगर अध्यक्ष, शेख इजमाल, डा. लाखन सिंह पाल प्रदेश, सचिव, अफजाल उर्फ अज्जू, जुलफकार भूरे, विकास कुमार, चौधरी ब्रहमपाल सिंह, विक्की ठाकुर, सोहेब जहीर, उदयराज सिंह, सुखदेव सिंह, नरदेव सिंह, प्रशांत सिंह, चांद बहादुर सिंह, सुनिल कश्यप, सुभाष चौहान, ललित कुमार, अकुर, संदीप कुमार मौजूद रहे।

# कवि श्रीकांत वर्मा ने समय को नई परिभाषा दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शब्दों से समय को परिभाषित करने वाले कवि श्रीकांत वर्मा जी को 95वीं जयंती पर याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बसंती देवी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने कहा कि कवि श्रीकांत वर्मा, क़लम के ऐसे साधक थे, जिन्होंने शब्दों को सिर्फ लिखा नहीं, जिया। उन्होंने अपनी रचनाओं से समय को एक नई परिभाषा दी। उनकी कविताएं आज भी हमें सोचने पर मजबूर करती हैं, उनका साहित्य आज भी युवा मन को प्रेरणा देता है। सत्ता के सामने सच कहने का साहस और शब्दों में समाज का दर्द पिरोने की कला, यही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। इस अवसर पर शिवसेना के प्रदेश उपप्रमुख पंडित नरेश शर्मा, जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, जिला उप प्रमुख मुकेश लांबा, दीपक देशवाल, भूपेंद्र, पुलकित त्यागी, संदीप चौहान, मनोज पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 22 दिन से लापता किसान का क्षत-विक्षत शव मिला



नन्हे सिंह का फाइल फोटो

**चांदपुर ( चिंगारी )।** 22दिन पूर्व पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गये एक व्यक्ति का शव मिलने से उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र ने गुलदार द्वारा उसके पिता के अंग खा लेने की आशंका जताई। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम बूंदरा खुर्द निवासी मोहित ने बताया कि उसके पिता नन्हे सिंह 29अगस्त को सुबह 10 बजे चारा काटने खेत पर गए थे। जब शाम तक भी उसके पिता घर वापस नहीं आये तो खेत पर जाकर उन्हें तलाश किया गया, लेकिन उनका कहीं अता-पता नहीं लग सका। 1 सितम्बर को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। शनिवार को महिलाएं घास काटने जंगल गई थीं, तभी उन्हें नन्हे सिंह का शव पड़ा मिला। मोहित के अनुसार उसके पिता के हाथ व गर्दन आदि खाये हुए थे। वहीं दूसरी ओर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटनास्थल के आसपास गुलदार के पद चिन्ह न मिलने की बात कही। नन्हे सिंह की मौत कैसे हुई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग सकेगा।

# सर्वाइकल कैंसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायनेस क्लब नवशक्ति हल्दौर के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शील्ड अगेंस्ट सर्वाइकल कैंसर परियोजना के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर, उसके संक्रमण, बचाव और समय पर रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा। राजकीय चिकित्सालय की डॉ. प्रतिभा ने लगभग 150 छात्राओं और 4 शिक्षिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव, एचपीवी वैक्सीन के महत्व और व्यक्तिगत स्वच्छता की विस्तार से जानकारी दी। सत्र के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में क्लब की सचिव रीना रस्तोगी की ओर से छात्राओं को केले वितरित किए गए तथा डॉ. प्रतिभा को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष कविता चौहान, कोषाध्यक्ष रेखा मारवाड़ी, बबीता मारवाड़ी, ईशा मारवाड़ी, कंचन रस्तोगी, शिवी रस्तोगी, सोमाली अग्रवाल, प्रियंका, ठाकुर पवन और स्वाति रस्तोगी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# चौराहे पर फायरिंग से लोग थे हैरान सीसीटीवी फुटेज से हुई गाड़ियों की पहचान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चार दिन पूर्व कालिका मंदिर चौराहे के पास तीन गाड़ियों में सवार 15 से 20 युवकों द्वारा फायरिंग करने की सूचना से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 16 सितंबर को शाम करीब पौने चार बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि कालिका मंदिर चौराहे पर तीन गाड़ियों में 15-20 युवक सवार हैं जो एक-दूसरे को जान से मारने की नीयत से अवैध असलहों से फायरिंग करते हुए नूरपुर रोड की ओर जा रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक शेखर कुमार पुलिसकर्मी संदीप के साथ मौके पर पहुंचे थे और जांच की थी। राहगीरों ने पुलिस को फायरिंग की जानकारी दी थी। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया था कि तीन गाड़ियों में सवार युवक एक-दूसरे पर फायरिंग करते हुए नूरपुर-बिजनौर रोड की ओर भाग गये हैं। फायरिंग के दौरान एक गाड़ी के शीशे टूटने की बात भी सामने आई थी। पुलिस ने घटना के संबंध में रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में तीन गाड़ियां दिखाई दीं। इनमें एक ऑल्टो कार संख्या यूके 07 एजे 1097, स्कॉर्पियो संख्या यूके 07 एटी 0058 और ईकोस्पोर्ट संख्या यूपी 20 एडब्ल्यू 0779 शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो के मालिक व चालक की पहचान आकाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी कनखेड़ी, थाना धामपुर के रूप में हुई है। वहीं ईको स्पोर्ट के मालिक अंकित सिंह पुत्र नरेश कुमार निवासी सदरुद्दीन नगर फलौदी, थाना नहटौर बताए गए हैं।

# बब्बू लंगड़ा गिरोह ने मारा खूब पंजा, अब कसता जा रहा पुलिस का शिकंजा

## 13 फ़र्ज़ी आधार कार्ड बरामद, अब तक गिरोह के 12 आरोपी जेल भेजे गए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दुष्कर्म व गैंगरेप के झूठे मुकदमे दर्ज कराकर रकम वसूलने वाले बब्बू लंगड़ा गिरोह पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शनिवार को नजीबाबाद व किरतपुर पुलिस ने गिरोह से जुड़ी चार महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिलाओं के कब्जे से 13 फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इस सनसनीखेज मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी गौतम राय ने बताया कि पुलिस बब्बू लंगड़ा गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी और भी गिरफ्तारियां की जाएंगी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा।

पकड़े गये आरोपियों से की गई पूछताछ के अनुसार इस गिरोह से जुड़ी महिलाएं चिन्हित लोगों के खिलाफ पहले से तैयार किए गए घटनाक्रम के आधार पर दुष्कर्म की शिकायतें करती थीं। कई मामलों में न्यायालय के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया अपनाई गई। एक मामले में नवाब, आसिम और ओमेन्द्र के खिलाफ दुष्कर्म की घटना दर्शाकर मुकदमा दर्ज कराया गया था।



इसके एवज में शहाना को 50 हजार रुपये देने की बात पूछताछ में सामने आई है। इसी तरह वर्ष 2023 के एक अन्य मामले में करीम उर्फ मुन्ना, तसलीम, सलीम और शिब्बू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की योजना में अन्तिमा के शामिल होने और उसे 10 हजार रुपये देने की बात पुलिस ने बताई है।

### प्रेस कांफ्रेंस में खूब गिड़गिड़ाई महिला

**गिरफ्तार महिलाओं को शनिवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला एएसपी गौतम राय के सामने गिड़गिड़ाने लगी। उसने रोते हुए कहा कि हमें बचा लो सरकार, हमारी कोई गलती नहीं।**

### पीएसी जवान समेत कई आरोपी जा चुके जेल

बब्बू लंगड़ा गिरोह के कई सदस्यों को पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें एक पीएसी का जवान भी शामिल था। पुलिस की कार्रवाई के बाद गिरोह से जुड़े पुराने मामलों और उनके नेटवर्क की परतें लगातार खुलती जा रही हैं।

### अब तक 15 मुक़दमें हो चुके हैं दर्ज

एएसपी गौतम राय ने बताया की अब तक बब्बू लंगड़ा गैंग पर 15 मुकदमें दर्ज किये जा चुके हैं। बब्बू लंगड़ा गैंग से पीड़ित लोग लगातार शिकायतें लेकर आ रहे हैं। गौतम राय ने अपील कि जो भी बब्बू लंगड़ा गैंग से पीड़ित है वह अपनी शिकायत पुलिस में दर्ज कराये।

### पुलिस की कार्रवाई से हड़कम्प

**पुलिस द्वारा बब्बू लंगड़ा गिरोह के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से उन सभी लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है, जिन्होंने अपने विरोधियों को परेशान करने के लिये गिरोह के साथ मिलकर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे दर्ज कराये हैं। इसके साथ ही गिरोह में शामिल एक वकील, एक तथाकथित पत्रकार तथा एक सफेदपोश के नाम की भी चर्चा है। एसपी के.के. विश्नोई के कड़े रुख के चलते आरोपियों तथा अन्य संदिग्धों की नींद हराम है।**

# बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, तीन बच्चे ज़ख्मी

**धामपुर ( चिंगारी )। ग्राम मोहड़ निवासी नसीम ( 30 वर्ष ) पुत्र चुन्नू अपने 5 वर्षीय पुत्र शान तथा भतीजे अता ( 8 वर्ष ) और भतीजी अनुशा ( 6 वर्ष ) को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था। जैसे ही बाइक प्रियंका स्कूल के पास पहुंची, सामने से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल टकरा गयी। नसीम और तीनों बच्चे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों में पहुंचाया। नसीम की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान नसीम की मौत हो गई। हादसे में घायल तीनों बच्चों के हाथ-पैर में फ्रेक्चर है। उनका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। उधर हादसे की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतक नसीम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया। बताया जाता है कि बुलेट मोटरसाइकिल सवार मिलिंद प्रताप सिंह पुत्र अरुण कुमार निवासी सराय भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसको भी हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया है।**



मृतक नसीम का फाइल फोटो

# मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल 65 वर्षीय व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार घटना 18 सितंबर की शाम ग्राम हल्दुआ माफी रोड पर शराब की हट्टी के पास हुई थी।

पुलिस के मुताबिक ग्राम लांबिया निवासी सोनू उर्फ कुलदीप कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उसके पिता विजय कुमार उम्र करीब 65 वर्ष, 18 सितंबर को किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान ग्राम हल्दुआ माफी रोड पर शराब की हट्टी से करीब 100 कदम पहले उनके साथ ग्राम पट्टी निवासी अक्की उर्फ निक्की पुत्र सुभाष कुमार और प्रशांत पुत्र हरपाल सिंह ने एक राय होकर मारपीट की। मारपीट में विजय कुमार को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में मुकदमा बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा को सौंपी गई। पुलिस ने विवेचना के दौरान दोनों नामजद आरोपियों निक्की उर्फ अक्की तथा प्रशांत को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।

# माटीकला योजना में उद्यमियों को आधुनिक उपकरण संचालन का प्रशिक्षण दिया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अंतर्गत 3 दिवसीय आधुनिक उपकरण संचालन प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत रामपुर, शामली व गौतमबुद्धनगर जनपदों को विद्युत चालित चाक व पगमिल-मशीन नि:शुल्क दिये जाने हेतु कुल 49 चयनित उद्यमियों को 3 दिवसीय आधुनिक उपकरण संचालन का प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र ग्राम अकबरपुर चौगावां में दिया गया।



शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राजकुमार प्रजापति, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नजीबाबाद के शाखा प्रबंधक विचित्र कुमार एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य एस.एल. अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

# नगरपालिका ने आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता

**नहटौर ( चिंगारी )।** श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज नहटौर में नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा एसएचएस (स्वच्छता ही सेवा) लाइव प्रदर्शन भी किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में संजना सैनी एवं पल्लवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आयशा एवं निशा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20




छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद नहटौर के वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय, लिपिक रमेशचंद शर्मा, कपिल शर्मा, सलीम अहमद, नरेंद्र चैनवाल, विशाल वर्मा एवं आशीष थौरिया उपस्थित रहे।

# दूसरों तक भी पहुंचायें दीन की दावत - मौलाना अबूबकर

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर की मरकज़ी जामा मस्जिद में तब्लीगी जमात से जुड़े उलेमा की मौजूदगी में इस्लाही प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें शहर व आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। प्रोग्राम में उलेमा ने लोगों को दीन से जुड़ने, पांचों वक्त की नमाज़ की पाबंदी करने और अपनी जिंदगी को इस्लामी तालीमात के मुताबिक गुजारने की ताकीद की। प्रोग्राम को खिताब करते हुए आलमी शोहरत याफ्ता मदरसा दारुल उलूम नदवतुल उलेमा, लखनऊ से तशरीफ लाए मशहूर आलिम-ए-दीन मौलाना अबूबकर सिद्दीकी ने कहा कि अल्लाह तआला के हुक्मों को अपनी जिंदगी में शामिल करने के साथ दीन की दावत को दूसरों तक पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। अंबिया-ए-कराम ने अल्लाह तआला का दीन लोगों तक पहुंचाने के लिए अपनी जिंदगी में काफी परेशानियां और तकलीफें बर्दाश्त कीं। मौलाना अबूबकर सिद्दीक ने आगे कहा कि दीन की दावत के लिए निकलने वालों को अपनी नीयत खालिस रखनी चाहिए। यह काम सिर्फ अल्लाह तआला की रज़ामंदी के लिए होना चाहिए। नीयत में दिखावा या दुनियावी मकसद नहीं होना चाहिए। जब घरों में दीन का माहौल बनेगा तो उसका असर समाज पर भी पड़ेगा और लोगों के बीच मोहब्बत, भाईचारा व अमन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दीन का काम सिर्फ बातों तक महदूद नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमारे किरदार और अमल में भी नजर आना चाहिए। इस मौके पर मुफ्ती जहीर नदवी, मौलाना मौ. मुरसलीन नदवी, मौलाना इस्माइल नदवी, हाफिज इस्लामुद्दीन, डॉ. शहाबुद्दीन, डॉ. मौ. मुनाजिर, इमरान कुरैशी, मौ. अफजाल अंसारी, मौ. फैसल, मौ. अनीस, मौलाना मौ. फरहान कासमी, हाजी अब्दुल कदीर, शराफत हुसैन, मौलाना मुख्तार कासमी, मोहम्मद, मौलाना जीशान नदवी, मुफ्ती जमशीद मजाहिरी समेत बड़ी संख्या में उलेमा, तब्लीगी जमात से जुड़े लोग और शहर व आसपास के लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम के आखिर में पूरे मुल्क में अमन-ओ-अमान, उम्मत की इस्लाह, तब्लीगी जमात के काम, मदरसों, मकातिब और मसाजिद की हिफाजत तथा पूरी उम्मत की बेहतरी के लिए दुआ कराई गई। मौलाना मौ. मुरसलीन नदवी ने प्रोग्राम में शिरकत करने वाले उलेमा, मेहमानों और तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया।


मरकजी जामा मस्जिद में हुआ इस्लाही प्रोग्राम

# आरती में शामिल हुये भारतेन्द्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की आराधना और आशीर्वाद से संध्या का वातावरण उस समय भक्तिमय हो उठा, जब सर्राफा स्वर्णकार संघ, बिजनौर के निमंत्रण पर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह भगवान श्री गणेश जी की सायंकालीन पूजा एवं आरती में सम्मिलित हुए। इस पावन अवसर पर सर्राफा स्वर्णकार संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमित सिंघल, महामंत्री जंगबहादुर वर्मा, कोषाध्यक्ष विजयंत राज अग्रवाल, संरक्षकगण अरविंद अग्रवाल, विजय खन्ना, अखिल अग्रवाल, अचल अग्रवाल और दीपक अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, सचिन राजपूत, सुरेंद्र वर्मा, अजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार बंधुओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर राजा साहब का अभिनंदन किया। पूजा-अर्चना के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश जी की आरती में एक साथ सहभागिता की और बिजनौर की सुख-समृद्धि, व्यापारिक समाज की उन्नति तथा सभी परिवारों के मंगल एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की।

# महाविद्यालय में हुआ 'सेवा की कहानी' कार्यक्रम




**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में शासनादेश के अनुसार 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यक्रम के अंतर्गत 'सेवा की कहानी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा शिक्षा प्रणाली को कौशल आधारित और समग्र विकास पर केन्द्रित बनाया गया है, जिससे छात्राओं का समुचित विकास हो रहा है। सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना सिंह ने देश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से छात्राओं को अवगत कराते हुए बताया वर्तमान समय में ऐसी अनेक योजनाएं चल रही हैं जिनसे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प के अंतर्गत एन.एस.एस. की स्वयंसेविकाओं द्वारा योजनाओं के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की अनेक शिक्षिकाओं के साथ एम.ए. की छात्राओं कु. दीपिका, कु. दिव्यांशी, कु. सपना, कु. पूजा तथा बी.ए. की छात्राओं कु. मन्तशा, कु. प्रिया, कु. गुनगुन, कु. एकता, कु. फात्मा परवीन आदि की उपस्थिति रही।

# नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया, 112 ग्रामीणों ने लाभ उठाया




**पैजनिया ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र हल्दौर के गांव पैजनिया भवानीपुर कलिया में 11 वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' थीम के तहत ग्राम भवानीपुर कलिया के ग्राम सचिवालय में एक दिवसीय ग्राम चौपाल एवं नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पैजनिया द्वारा आयोजित इस शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में कुल 112 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान पैजनिया चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. फईम अहमद व फार्मासिस्ट और स्टाफ से राहुल कुमार ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव व सही दिनचर्या, ऋतुचर्या और संतुलित आहार लेने की उपयोगिता समझाई।

# गणेश महोत्सव के छठे दिन हुआ भण्डारा

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला साहूवान में अलग-अलग स्थान पर चल रहे श्री सात दिवसीय गणेश महोत्सव के छठे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सात दिवसीय गणेश चौथ महोत्सव समिति के संयोजन में अंकुर कंपलेक्स परिसर में चल रहे कार्यक्रम में हवन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार में सुख शांति कामना की, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान राजीव माथुर, आचार्य गौरव कृष्ण भारद्वाज, रवि माथुर, अंकुर गोयल, अर्पित गोयल, वीरेंद्र पुष्पक, जयंत गोयल, अर्पित माथुर आदि मौजूद है। वहीं नवयुवा मंडल के संयोजन में धीरज अग्रवाल के निवास पर चल रहे कार्यक्रम में भी हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बलवीर सैनी, नितिन अग्रवाल, मोनाल अग्रवाल, विकास पुष्पक नितिन सैनी, सुरेश सैनी, अनूप गोयल, शुभम नाथ, मुनेश उपाध्याय, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे।



# अब रफ्तार पकड़ेगा सड़क चौड़ीकरण का काम

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना चौराहा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर जाम और अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के लिए चौड़ीकरण का कार्य अब जल्द रफ्तार पकड़ने वाला है।

लंबे समय से पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं मिलने के कारण चौड़ीकरण काम अटका था। शुक्रवार को पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है। राजपूताना रिसोर्ट से नगीना चौराहा होते हुए दुर्गा विहार कॉलोनी तक करीब चार किलोमीटर हिस्से में सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। चौड़ीकरण की जद में आने वाले पेड़ों को लेकर लोनिवि और वन विभाग की ओर से करीब 35 पेड़ चिह्नित किए गए थे। पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं मिलने के कारण काफी समय से कार्य प्रभावित था। हालांकि पेड़ों वाले स्थान को छोड़कर अन्य हिस्से में सड़क निर्माण का कार्य कराया जा चुका था। शुक्रवार को अनुमति मिलने के बाद नगीना चौराहे से कालागढ़ मार्ग पर पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई। इस दौरान नगीना चौराहा, टीचर्स कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर चौड़ीकरण की जद में आ रहे पेड़ों को हटाया गया। पेड़ों की कटाई के बाद अब सड़क निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है। लोक निर्माण विभाग के जेई अवनीश वर्मा ने बताया कि पेड़ों की कटाई की अनुमति मिल गई है, कार्य शुरू करा दिया गया है। पेड़ों को कटाई का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही शेष सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लाइन और पोल के शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है।


सड़क किनारे से काटे गये वृक्ष।

# शहर के अन्दर, आतंक मचा रहे बंदर



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में बंदरों और आवारा कुत्तों की बढ़ती तादाद लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

## नगर पालिका की देखरेख में टीम ने 72 बंदर पकड़े

एक ओर बंदरों के झुंड से लोग परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर आवारा कुत्तों के झुंड ने खासकर छोटे बच्चों और राहगीरों में खौफ पैदा कर रखा है। शनिवार को डूडा कॉलोनी स्थित कूड़ा डंपिंग हाउस के आसपास नगर पालिका की ओर से बंदर पकड़ने का अभियान चलाया गया। पालिका की देखरेख में बाहर से आई बंदर पकड़ने वाली टीम ने करीब 72 बंदरों को पकड़ लिया। लंबे समय से इलाके में बंदरों की संख्या बढ़ने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। बंदरों के पकड़े जाने के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के दूसरे हिस्सों में भी बंदरों के झुंड लगातार दिखाई दे रहे हैं। वहीं नगर के मोहल्ला बेगम सराय और कुरैशियान मोहल्ले के आसपास आवारा कुत्तों की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल जाने के समय बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होती है। कुरैशियान मोहल्ले के पास सड़क किनारे बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं, जिनके नीचे आवारा कुत्तों के झुंड छिपे रहते हैं। जैसे ही छोटे बच्चे वहां से गुजरते हैं, कुत्ते अचानक वाहनों के नीचे से निकलकर बच्चों की ओर दौड़ पड़ते हैं और उन पर हमला करने का प्रयास करते हैं। इससे बच्चों और उनके अभिभावकों में दहशत बनी हुई है।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन छात्राओं ने दिखाया दमखम



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज के मैदान में बीते दो दिन हुई छात्रों की क्रीड़ा प्रतियोगिता के बाद आज अंतिम दिन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर कई खेल प्रतियोगिता में अपने दमखम का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय 57वीं क्षेत्रीय रामगंगा क्रीड़ा प्रतियोगिता में शुरू के 2 दिन सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों ने दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक व हैमर थ्रो आदि खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें जूनियर वर्ग में स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज के छात्र सर्वेंद्र व बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद के छात्र रामू एवं सीनियर वर्ग में बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद के छात्र देवेंद्र चैंपियन बने जबकि पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आए विजेता खिलाड़ियों को भी प्रबंधक मेघनाथ सिंह, प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती एवं शिक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के तीसरे व अंतिम दिन आज प्रात: से छात्राओं की प्रतियोगिता शुरू हुई जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक कई खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। समाचार दिये जाने तक प्रतियोगिता जारी थी।

## राधा अष्टमी मनाई, गणेश जी का पूजन किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा मे महिला कमेटी द्वारा राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। शानिवार को प्रात: नरेश वर्मा, उमा वर्मा, डॉ शंकर भारद्वाज, रेनू भारद्वाज, दीपमाला वर्मा, प्रेमवती, सरोज शर्मा तथा अनु के द्वारा गणपति जी का पूजन विधि विधान के साथ किया गया। आरती और भोग के पश्चात गणपति जी को मंदिर परिसर में ओम गं गणपतये नम: की स्तुति के साथ समापन कार्यक्रम किया गया। भजन संध्या में भक्तों ने राधा रानी के भजनों के माध्यम से मंदिर परिसर को भक्ति मय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, बीना वर्मा, गीतू वर्मा, उमा वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पूजा वर्मा, पायल वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू भारद्वाज, सरोज शर्मा, बीना अग्रवाल, सीमा सिन्हा, सुमन शर्मा, आरती शर्मा उपस्थित रहीं।

# बाला जी मंदिर में मनाई गई श्री राधा अष्टमी

**धामपुर (चिंगारी)।** ब्रज की अधिष्ठात्री देवी राधा रानी के जन्म दिवस के अवसर पर प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में मुख्य यजमान नितिन चौहान, कन्या नितिक्षा राजपूत ने राधा-श्रीकृष्ण भगवान की मूर्तियां को सुंदर वस्त्र ,माला व आभूषण पहनाए। लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व नितिन चौहान ने राधा रानी की मूर्ति का सोलह श्रृंगार अर्पण किया। समता जोशी, संगीता जोशी, रुक्मेश, सुधा, कंचन ने भजनों से मंदिर का वातावरण भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर मन्दिर की पुजारिन पूनम गिरि, समता जोशी, संगीता, आशा देवी,, अनिता चौधरी, सरिता, प्रभा देवी, वंदना,सुनीता देवी, माही, शिवानी तथा अनेक श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। महंत आदित्य गिरि ने आरती कराकर राधारानी व श्रीकृष्ण जी को हलवे का भोग लगाया।



राधा अष्टमी पर भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं।

## हंगामा लोक समिति ने मटकी फोड़ कार्यक्रम कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, अध्यक्ष राखी कौशिक व महामंत्री उपासना कौशिक द्वारा राधा अष्टमी मनाई गयी। जिसमें लवानिया सिंह राधा रानी व माधव चौहान कान्हा जी बने। कार्यक्रम में नैतिक, पारस, ऋतिक, रुद्र, विकास, सचिन,हिमांशु, प्रियांशु, द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम किया गया। सभी को समिति ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में शशिबाला शर्मा, दीपा, मंजु चौहान, विमला भटनागर, तारा जोशी, परवेंद्र चौहान, पूजा चौहान, गम्भीर सिंह, गरिमा, अन्नू, यमुना,परी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के सचिव ऋषभ मित्तल व शम्भू रस्तौगी, रजनी रस्तौगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## नगर पालिका ने स्योहारा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान




**स्योहारा ( चिंगारी )।** अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद स्योहारा की टीम ने ठाकुरद्वारा रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पालिका टीम ने जलकल परिसर से नवादा चुंगी तक सड़क के किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले, बोर्ड तथा अन्य सामान को हटाकर मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। पालिका अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य सड़क पर आवागमन को सुगम बनाना और राहगीरों को परेशानी से निजात दिलाना है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगर पालिका के तमाम कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। पालिका टीम की कार्रवाई से सड़क किनारे का रास्ता अधिक खुला नजर आया और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पहल की गई।

# गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं - देवी प्रसाद

### कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार के नजीबाबाद रोड स्थित काशीरामपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास वेदाचार्य देवी प्रसाद भट्ट ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला में कोई न कोई गहरा संदेश निहित है। उन्होंने गोवर्धन पूजा, श्रीकृष्ण की गोकुल और वृंदावन की लीलाओं तथा गोपियों के साथ उनके दिव्य प्रेम प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में मानसिक शांति से दूर होता जा रहा है। ऐसे में भगवान की कथा का श्रवण मन को शांति देने के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से ईश्वर का स्मरण करने



और अपने आचरण में प्रेम, करुणा, सेवा तथा सत्य को अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान भजनों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा पंडाल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु कथा प्रसंगों में भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। कथा के समापन पर आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कथा आयोजक वीके जुयाल, संतोष गौनियाल, सुधीर दुदपुड़ी, महेश जुयाल, मनीष जोशी, योगेश रतूड़ी, अंकित धस्माना, गिरीश कंडवाल, मुकेश पंत आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर



**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला चौधरियान निवासी महिला केलाशवती पत्नी सुरेन्द्र सिंह ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया था कि उसने मोहल्ला हज़रत नगर स्थित गाटा संख्या 71 में एक व्यक्ति को 3.5410 हेक्टेयर जमीन बेची थी, लेकिन उक्त व्यक्ति ने उस जमीन पर बिना अनुमति के कॉलौनी काट दी थी। महिला का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने धोखाधड़ी करते हुए खरीदी हुई जमीन से अधिक जमीन के बैनामे कर दिये। महिला की शिकायत पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी की सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हो चुका है। शनिवार को जिला पंचायत विभाग के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्र के नेतृत्व में राजस्व विभाग की संयुक्त टीम भारी पुलिस बल लेकर बुलडोजर के साथ उक्त जमीन पर पहुंची, जहां गाटा संख्या 71 के अलावा गाटा संख्या 66,68 व 72 पर जिला पंचायत से बगैर नक्शा पास कराए व जमीन को धारा 80 के अंतर्गत आवासीय भूमि में परिवर्तित किये बगैर ही कॉलोनी काटी गई थी। टीम द्वारा उक्त कॉलोनी पर बुलडोजर की कार्यवाही कर निर्माण को ध्वस्त किया गया। संयुक्त टीम की बुलडोजर कार्यवाही से उक्त भूमि पर बने मकानों में रहने वाले व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार पंकज राणा, जिला पंचायत के जेई राजेश कुमार यादव, राजस्व निरीक्षक हरिराज सिंह, हलका लेखपाल अमित तोमर, पुलिस उपनिरीक्षक रोशनलाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### कॉलोनी वालों का कहना है..

कॉलौनी में रहने वाले लोगों का कहना है कि कोलोनाइसर व भूमि स्वामी महिला के बीच क्या विवाद था, उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने जब जमीन खरीदी थी उस समय कोई विवाद नहीं था।

## भारत का बज रहा डंका इसमें नहीं कोई शंका



### शिविर के शुभारंभ पर बोलीं- शिवली खान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लखनऊ नर्सिंग होम पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता शिवली खान ने फीता काटकर किया। शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर उनको नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। नर्सिंग होम की संचालिका एवं भाजपा नेता शिवली खान व डा. सुनील कुमार गौतम ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाइयों को छू रहा है तथा पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की भगवान से प्रार्थना की।

## नूरपुर में दो दुर्घटनाएं घटीं

### एक की मौत, दूसरे की टांग कटी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना में एक युवक की दाई टांग कट गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने थाना शेरकोट के गांव धुराडा निवासी सुंदर उर्फ रोनू (30) पुत्र धर्मपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि शाम करीब 6:30 बजे नहटौर मार्ग स्थित एक कॉलेज के पास दो बाइकों में भिड़ंत हो गई, इसमें जनपद रामपुर के गांव अंकन खेड़ा निवासी राम सिंह की और सुंदर उर्फ रोनू की बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुंदर उर्फ रोनू को मृत घोषित कर दिया। मृतक क्षेत्र के गांव राहूनंगली में अपने मामा के घर आया हुआ था। उधर दूसरी घटना में मुरादाबाद मार्ग पर गांव हसुपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पास थाना नहटौर के गांव शेखपुर नारायण खेड़ी निवासी तेजपाल सिंह पुत्र कल्लू सैनी की बाइक को सामने से आ रही ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार तेजपाल सिंह की दाई टांग धड़ से अलग हो गई। घटना के बाद आरोपी कार मौके पर छोड़कर भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

## हरजीत सिंह बने कार्यवाहक प्रधानाचार्य, करेंगे अच्छा कार्य

**नूरपुर ( चिंगारी )।** खालसा इंटर कालेज में प्रबंधक कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हरजीत सिंह को विद्यालय का कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह, प्रबंधक कुलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजू, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह रागी, अमृत सिंह सरपंच, कमलजीत सिंह नूर, जिला गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, वरिष्ठ शिक्षकगण और कर्मचारी मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने बताया कि हरजीत सिंह के अनुभव और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यवाहक प्रधानाचार्य हरजीत सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना, अनुशासन बनाए रखना और विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाना रहेगी। उन्होंने प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त किया। समारोह में पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनित प्रकाश त्यागी और शिक्षकों और अभिभावकों ने भी उन्हें बधाई दी।



## नगर पालिका ने स्कूलों में आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** विकसित भारत 2047 के तहत डीएम जसजीत कौर के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने कस्बे के मुरादाबाद रोड स्थित चिलड्रन्स इंटर कॉलिज व वीएसएम में निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कराई। इसमें स्कूली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पालिका कर्मचारियों ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया, हमारा कर्तव्य बनता है कि हम स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, हम गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें। न गंदगी करुंगा और न गंदगी करने दूंगा। इसके लिए छात्रों को शपथ ग्रहण कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पालिका द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सत्यवीर गुप्ता, प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, निकाय कर्मचारी पवन कुमार, राजेन्द्र सिंह, हिमांशु कुमार आदि मौजूद रहे।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 21 सितम्बर 2026**

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक-दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# जिला उद्योग केन्द्र में हुआ एमएसएमई योजनाओं पर सेमिनार का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सुविधाओं, बाजार व्यवस्था और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार में एमएसएमई योजनाओं पर सेमिनार आयोजित किया गया। एमएसएमई के लिए खरीद एवं विपणन सहायता योजना के अंतर्गत आयोजित सेमिनार में जनपद के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से पहुंचे उद्यमियों को योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, हल्द्वानी एवं देहरादून के निदेशक डॉ. एस.के. नेवार ने उद्यमियों को उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपने उद्यमों को सुदृढ़ करने तथा बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## उद्यमियों को योजनाओं की जानकारी दी गई

उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों ने उद्यमियों को ओडीआर योजना, ऋण गारंटी सुविधा, टीआरईडीएस, एसआरआई फंड, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता मानक तथा एमएसएमई क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर जानकारी दी। सहायक निदेशक अमित मोहन ने उद्यमियों को योजनाओं की प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। उद्यमियों ने योजनाओं एवं वित्तीय सुविधाओं से संबंधित अपने प्रश्न भी रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। सेमिनार में औद्योगिक आस्थान सिताबपुर, सिग्गड़ी, जशोधरपुर एवं बलभद्रपुर के विभिन्न उद्यमियों सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों से आए उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोम नाथ गर्ग, प्रबंधक आर.पी. आर्य, सिडकुल निर्माता संघ कोटद्वार के सचिव विवेक चौहान सहित विभागीय अधिकारी एवं जिला उद्योग केंद्र की पूरी टीम उपस्थित रही।

# संगठन को मजबूत बनाने के लिये कई नये पदाधिकारी नियुक्त किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, जिला कोटद्वार की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्षों, जिला उपाध्यक्ष, सचिव, सोशल मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। संगठन के जिला संयोजक रूपेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि कार्यकारिणी में संदेश नेगी को जयहरीखाल, अजीत पाल सिंह को नैनीडांडा, दिनेश चौहान को रिखणीखाल, सोहन सिंह रावत को यमकेश्वर, राजेन्द्र सिंह नेगी को दुगड्डा और राकेश कुमार को द्वारीखाल ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सुमन पंवार, मेहरबान सिंह, बचन सिंह, ओमचन्द्र व मो. तसलीम अहमद को उपाध्यक्ष, चन्द्रमोहन सिंह नेगी, विपिन सिंह रावत, मो. सादिक व मोहनदास को महासचिव, पीताम्बर रावत, सीमा देवी, योगेश कुमार, हसीना बेगम व दीपचन्द्र को सचिव, दीपक रावत को सोशल मीडिया प्रभारी, दिनेश चन्द्र को सोशल मीडिया सह प्रभारी व कमलेश कान्त कुकरेती और उपेन्द्र नेगी को प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर जिला संयोजक ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने, जनहित के मुद्दों को उठाने तथा संगठन को ग्राम पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की।

# हैप्पी होम की छात्रा ने किया स्कूल का नाम रोशन

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। प्रदेश के भावी स्वरूप को लेकर युवाओं की कल्पनाशीलता, चिंतन और सृजनात्मक दृष्टि को मंच प्रदान करने वाली राज्यव्यापी पहल मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन में हैप्पी होम स्कूल कोटद्वार की छात्रा श्री अग्रवाल ने प्रतिभाग कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक उषा सिंह व प्रधानाचार्य शालिनी सिंह ने बताया कि यह सफलता न केवल छात्रा की प्रतिभा, परिश्रम और विचारशीलता का प्रमाण है, बल्कि यह विद्यालय की उस सुदृढ़ शैक्षिक परंपरा को भी रेखांकित करती है, जिसमें विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ समाज, प्रदेश और राष्ट्र के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने पर विशेष बल दिया जाता है। बताया कि छात्रा श्री अग्रवाल को मुख्यमंत्री की ओर से उनकी उपलब्धि के सम्मान स्वरूप प्रशस्तिपत्र एवं स्कूल बैग प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उन्हें मुख्यमंत्री के साथ संवाद करने का भी अवसर प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने अपने विचार एवं जिज्ञासाएं साझा कीं।

# आईएचएमएस में गौरव खेतवाल व सुनिधि बने मिस्टर एवं मिस फ्रेशर

## युवराज मि. हैंडसम एवं शहरीन को मिस चार्मिंग बनी

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित फ्रेशर पार्टी 'शुभारंभ' में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में समा बांधा। इस अवसर पर कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने पर गौरव खेतवाल को मिस्टर फ्रेशर और सुनिधि को मिस फ्रेशर -2026 का खिताब दिया गया।



बलभद्रपुर स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का कॉलेज के प्रबंध निदेशक बी एस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि) और प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीसीए, बीबीए, बीएचएम, एमसीए और एमबीए कोर्स के छात्र छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता और कहानियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप पर कैट वाक प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्र छात्राओं ने अपने जलवे बिखेरे। निणार्यकों असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेंद्र जगवान, ममता, वीरेंद्र आर्य और सुप्रिया रतूड़ी के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर बीबीए के छात्र गौरव खेतवाल को मिस्टर फेयरवेल व बीएचएम की छात्रा सुनिधि को मिस फ्रेशर, बीसीए के युवराज नेगी को मिस्टर हैंडसम और बीवीए की शहरीन सैफी को मिस चार्मिंग का अवार्ड दिया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने विजेताओं को शैसे, क्राउन और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्स वेद प्रकाश राठौर, कार्यक्रम संयोजक सपना रौथाण नेगी, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत, सहित कॉलेज सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रिसर्च स्कालर शिवा पांडे ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार की रिसर्च स्कॉलर शिवा पांडे ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। शिवा पांडे वर्तमान में महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वर्षा के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विषय में शोध कर रही हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी गाइड डॉ. वर्षा को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के चलते उन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डीएस नेगी, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत भट्ट, डॉ. रजनी बाला व अरविन्द दुदपुड़ी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।

# जीआईसी में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में नशामुक्ति एवं राष्ट्र निर्माण विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कैप्टन सी.पी. डोबरियाल ने छात्र-छात्राओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला सूचना अधिकारी सत्यनारायण नौटियाल ने कहा कि आज का युवा ही कल के देश का भविष्य है। युवा ही अगर नशीले पदार्थों की चपेट में रहें तो कसी भी देश का विकास नहीं हो सकता। समिति संस्थापक राम भरोसा कंडवाल ने समिति द्वारा स्थापना से लेकर अब तक की गई सामाजिक गतिविधियों एवं जनजागरण अभियानों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल तथा सेवानिवृत्त शिक्षिका संपति नेगी को मां शारदा सम्मान व योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए योग शिक्षिका रजनी अग्रवाल को योग उपासिका सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान जगत सिंह नेगी, मनमोहन काला, अरविंद कुमार वर्मा, संजय कुकरेती एवं राजेंद्र भंडारी और छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रधानाचार्य व पूर्व शिक्षिका हुये सम्मानित

# भक्ति गीतों के साथ मनाया गया श्री विश्वकर्मा जयंती का समारोह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश में 40वां भव्य विश्वकर्मा पूजन समारोह श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र, समाज एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। समारोह के सांस्कृतिक सत्र में प्रख्यात गायिका सोना सिंह, काव्या कुल मूर्ति एवं गायक मुकुल ने भक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों के भजनों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को देर रात तक झूमने-थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, पूर्वमंत्री शूरवीर सिंह, सजवान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल, नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शम्भू पासवान ने शिरकत की। अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं से भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर मेहनत, लगन एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि भगवान विश्वकर्मा भारतीय शिल्प, निर्माण एवं तकनीकी परंपरा के प्रतीक हैं। उनके जीवन एवं आदर्श हमें सृजन, परिश्रम और कर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। समारोह में समिति के अध्यक्ष लाल बाबू महतो, सुजीत यादव, चन्द्रेश्वर यादव, अनिल कुशवाहा, गगन राम, विक्की शाह, यश कुमार आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# डॉक्टर के न पहुंचने पर मरीज रहे परेशान

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित समय पर चिकित्सा प्रभारी के नहीं पहुंचने के कारण उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को काफी देर तक चिकित्सक का इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले मरीज चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की उम्मीद में चिकित्सक के आने की प्रतीक्षा करते रहे।

मरीजों के अनुसार निर्धारित समय पर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए मरीजों के साथ उनके तीमारदार भी लंबे समय तक इंतजार करते रहे। बीमारी की हालत में घंटों चिकित्सक की प्रतीक्षा करना उनके लिए परेशानी का कारण बना रहा। मरीजों का कहना था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आसपास के ग्रामीण और कस्बे के लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में चिकित्सकों की समयबद्ध उपस्थिति और मरीजों को समय से उपचार मिलना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में शनिवार को कार्यवाहक प्रभारी डॉ. मोहित से दूरभाष पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. सर्वेश निराला के अवकाश पर होने की जानकारी मिली।



चिकित्सक के इंतजार में बैठे मरीज।




बंद पड़ा चिकित्सा प्रभारी का कक्ष।

## प्रसव के दौरान, गई नवजात की जान

शनिवार को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम भज्जावाला निवासी एक महिला के प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में अनट्रेंड, बाहरी और कम उम्र के स्टाफ की तैनाती के कारण मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में


कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
(दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap
(घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

# सिस्टम को स्टूडेंट नहीं, अंधभक्त चाहिएं...



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में शनिवार को छात्रों की गूंज कार्यक्रम हुआ। छात्रों से बात करते हुए राहुल गांधी ने सवाल पूछने की आदत, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती और देश की संस्थाओं के कामकाज पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सिस्टम को स्टूडेंट नहीं, अंधभक्त चाहिए। राहुल गांधी का कहना था कि छात्र जिज्ञासु होता है, वह सवाल करता है, वजह जानना चाहता है। इसी वजह से वह सिस्टम से जवाब मांगता है। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र किसी बात को सिर्फ इसलिए स्वीकार नहीं करता कि उसे ऊपर से ऐसा बता दिया गया है। वह पूछता है कि किसी व्यक्ति को किसी बड़ी संस्था की जिम्मेदारी कैसे मिल गई। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के बेटे का जिक्र किया। उन्होंने सवाल किया कि वह क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन कैसे बने। राहुल गांधी ने इसे मेरिट और योग्यता के सवाल से जोड़ते हुए कहा कि छात्रों को ऐसे मामलों पर सवाल पूछना चाहिए। भाषण में देश के बड़े कारोबार, न्यायपालिका, चुनाव आयोग और दूसरी संस्थाओं का भी जिक्र आया। उनका तर्क था कि छात्र यह पूछता है कि संस्थाएं अपना काम ठीक से क्यों नहीं कर रही हैं। उनके मुताबिक, यही सवाल करने की आदत स्टूडेंट को अलग बनाती है। वह किसी बात को आंख बंद करके मानने की जगह उसके पीछे की वजह समझना चाहता है। राहुल गांधी ने छात्र और अंधभक्त के बीच का फर्क समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट के भीतर जिज्ञासा होती है।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (PHYSICS,BIOLOGY,ENGLISH)
PTI (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT & PRT (ALL SUBJECTS)
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377

